दिनांक– 20.11.2019 को अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की अध्यक्षता में
भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही:-

1. <u>सर्वे प्रशिक्षण केन्द्र, बोधगया</u> – निदेशक, भू-अभिलेख एवं परिमाप ने बताया कि अपर समाहर्त्ता, गया से प्रशिक्षण प्रारंभ करने से पूर्व साफ-सफाई एवं अन्य संसाधनों के लिए आवश्यकतानुसार अधियाचना हेतु निदेशित किया गया है। अपर समाहर्त्ता, गया ने बताया है कि दिनांक-20.11.2019 तक अधियाचना भेज दी जाएगी।

अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने निदेशित किया कि प्रशिक्षण संस्थान, गया का कंसलटेंट के माध्यम से लेय आउट प्राप्त कर लिया जाए, जिसमें पुराने दो बिल्डिंग एवं नया बिल्डिंग के लिए भी प्रस्ताव हो। यह भी निदेश दिया कि बिल्डिंग के बीच वाले भाग को प्रशिक्षण हेतु कर्णांकित कर लिया जाए।

अपर मुख्य सचिव ने निदेश दिया कि गया के प्रशिक्षण केन्द्र के प्राचार्य, अनुदेशक एवं सहायकों को रूप में कार्य करने हेतु जिले के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्राधिकृत करने कार्रवाई की जाए। साथ ही यह भी निदेशित किया गया कि ट्रेनिंग के प्रशिक्षकों आउटसोर्सिंग के कार्रवाई एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम भी तैयार कर लिया जाए। निदेश दिया कि प्रारंभ में जिले के अमीन, राजस्व कर्मचारी एवं पदाधिकारियों को सर्वे एवं राजस्व प्रशासन के प्रशिक्षण हेतु कार्यक्रम बनाए जायेंगे।

2. <u>राजस्व प्रशिक्षण केन्द्र, पटना</u> – निदेशित किया गया कि छात्रावास एवं प्रशिक्षण केन्द्र के लिए चुंकि पुराने टेंडर में के वित्तीय बीड में कमियाँ थी। अतः उक्त टेंडर को रद्द करते हुए नए सिरे से टेंडर आवंटित करने की कार्रवाई की जाए।

3. **<u>DILRMP Presentation</u>** – प्रतिवेदित किया गया कि जी0आई0एस0 सलाहकार विगत दो दिनों से शेखपुरा में सर्वे कार्य की जाँच हेतु गए है। अतः पी0पी0टी0 में सुधार की कार्रवाई पूर्ण नहीं हो पाई है। अविलंब सुधार करने की कार्रवाई की जाएगी।

निदेशित किया गया कि DILRMP के मद में भारत सरकार से Capacity Building हेतु राशि की मांग के लिए सुदृढ़ प्रस्ताव अविलंब तैयार किया जाए ताकि इस वित्तीय वर्ष के समाप्ति के पूर्व भारत सरकार से राशि प्राप्त की जा सके।

4. **<u>Plot Number Proposal</u>**- प्रतिवेदित किया गया कि इस संबंध में प्रस्ताव संचिका में उपस्थापित किया गया। प्रस्ताव अनुमोदन पश्चात् अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

5. **<u>Survey Software एवं प्रपत्र</u>**- निदेशक, भू-अभिलेख एवं परिमाप ने बताया कि श्री संजय कुमार, तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0, पटना द्वारा कार्रवाई की जा रही है। सॉफ्टवेयर में कतिपय संशोधन की आवश्यकता है जिसे अविलंब संपन्न कर लिया जाएगा।

6. **<u>weekly visit - Monthly V.C. Camp-wise monitoring and Aerial agencies-pilot anchal & Monitoring</u>** - प्रतिवेदित किया गया कि दिनांक-07.11.2019 से 09.11.2019 तक बेगूसराय सदर अंचल के राजस्व ग्राम-चक्का, थाना संख्या- 217 के त्रि-सीमाने से संबंधित मुस्तकिल की पहचान हवाई सर्वेक्षण एजेंसी एवं बंदोबस्त कार्यालय के कर्मियों के साथ की गई। साथ ही ग्राम-सीमा सत्यापन किया गया और मोन्यूमेंटेशन लगाने हेतु चिहि्नत किया गया।

इसी प्रकार सुपौल जिले के पिपरा अंचल के कटैया मिलिक गाँव में दिनांक-14.11.2019 एवं 15.11.2019 को मुख्यालय निदेशालय से कार्रवाई की गई है। शेखपुरा जिला के घाटकुसुम्बा में भी तदनुसार कार्रवाई करने के लिए मुख्यालय से जी0आई0एस0 सलाहकार एवं संबंधित सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी दिनांक-19.11.2019 एवं 20.11.2019 को शेखपुरा जिले में रहेंगे। उक्त तीनों जिलों का प्रतिवेदन संलग्न है। दिनांक-11.11.2019 एवं 18.11.2019 को भी0सी0 द्वारा उक्त जिलों की कार्यों की समीक्षा की गई है।

निदेशित किया गया कि वर्त्तमान में चल रहे 6 कैम्पों में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा शिविरवार कर्मीवार की जाए और प्रगति प्रतिवेदन के आधार पर कार्य नहीं करने वाले को चिन्हित किया जाए।

निदेशित किया गया कि दिसंबर के प्रथम सप्ताह में उक्त तीन जिलों सहित बिहार राज्य के अन्य बंदोबस्त कार्यालय के सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी एवं कानूनगो की बैठक राजस्व (सर्वे) संस्थान, शास्त्रीनगर, प. में आहूत की जाए। इस बैठक में उक्त तीन जिलों सुपौल, बेगूसराय एवं शेखपुरा के प्रभारी पदाधिकारी बंदोबस्त भी बैठक में भाग लेंगे।

7. **Recruitment Court Orders and other Recruitments in DILRMP**:– प्रतिवेदित किया गया कि नियोजन कोषांग द्वारा सामान्य अमीन और विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी के काउन्सिलिंग हेतु तिथि निर्धारित कर दी गई है।

अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि विभाग द्वारा विभाग के प्रशाखा– 3 के प्रशाखा पदाधिकारी एवं सहायक को निदेशित किया गया कि नियोजन संबंधी कार्रवाई में तीव्रता लाई जाए।

8. **Mounmentaion work progress** – प्रतिवेदिल किया गया कि एजेंसियों को पत्र द्वारा Monumentaion का कार्य किस्तवार के दौरान करने का निदेश दिया गया है।

निदेशित किया गया कि मोन्यूमेंटेशन कार्य में प्रगति लाई जाए और जिन जिलों में सर्वेक्षण का कार्य हो रहा है, उसकी निरंतर समीक्षा की जाए। साथ ही यह भी निदेशित किया गया कि Mounmentaion एवं सीमांकन का कार्य समयबद्ध तरीके से की जाए।

9. **Drone Survey at Munger-** निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप ने बताया गया कि प्रस्ताव संचिका में उच्च स्तर पर उपस्थापित है। संचिका प्राप्त होने पर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

10. **Patna/Chapra Land demarcation-** प्रतिवेदित किया गया कि संचिका में प्रस्ताव उपस्थापित किया गया है।

11. **Orthomaps in SDC-** प्रतिवेदित किया गया कि तत्काल HDD क्रय कर डाटा संधारित हेतु कार्रवाई की जा रही है। साथ ही यह भी प्रतिवेदित किया गया कि श्री चंदन कुमार जी0आई0एस0 सलाहकार SDC से सतत संपर्क में है। SDC द्वारा स्पेस उपलब्ध कराने पर डाटा एजेंसी में संधारित की जाऐगी।

12. **Revenue maps sale analysis & action -** मानचित्र क्रय संबंधी प्रतिवेदन के अवलोकन पश्चात् अपर मुख्य सचिव ने उपस्थित उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग को निदेशित किया कि प्लॉटर जो खराब प्रतिवेदित है उसे अविलंब ठीक कराया जाए। यह भी निदेशित किया गया कि एजेंसी द्वारा प्लॉटर ठीक कराने में कोताही की जाती है तो एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

अपर मुख्य सचिव ने यह भी निदेश कि अंचलों में प्रतिनियुक्त प्लॉटर संचालन से संबंधित कर्मी यदि प्लॉटर खराब होता है तो वे जिला अपर समाहर्त्ता के कार्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज कराए, इसे सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यह भी निदेश दिया गया कि सोनपुर मेला सहित अंचलों के प्लॉटर सही अवस्था में कार्य करे और जन सामान्य को मानचित्र सुलभता से प्राप्त हो, इसे सुनिश्चित किया जाए।

13. **Village boundary verification plan-** प्रतिवेदित किया कि एजेंसियों द्वारा प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया और कैम्पों तद्नुसार कार्य संपन्न किया जा रहा है।

14. **Lamination of Map-** कार्रवाई की जा रही है।

15. **Missing Maps-** उपनिदेशक, गुलजारबाग, पटना द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

16. **Third party checking by So-** प्रतिवेदित किया कि इस संबंध में बिहार राज्य के सर्वे ऑफ इंडिया कार्यालय को पुनः स्मारित किया गया है।

अपर मुख्य सचिव द्वारा निदेशित किया गया कि इस संदर्भ में दिल्ली स्थित एवं कलकत्ता स्थित सर्वे ऑफ इंडिया के कार्यालय के प्रधानों से संपर्क कर Third party checking हेतु यथोचित कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए।

17. **MRR, O&M Letter memorandum -** प्रस्ताव संचिका में उपस्थापित्त किया गया है।

18. **<u>District Records Room Model- Samstipur -</u>** प्रतिवेदित किया कि अपर समाहर्त्ता, समस्तीपुर से दूरभाष पर वार्त्ता की गई है। उन्होंने बताया कि एक–दो दिनों में प्रस्ताव भेज दी जाएगी।

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

ह0/–
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांक** :–17–विशेष सर्वेक्षण बैठक (विविध)– 268/2019........................ **पटना, दिनांक:**–...................

**प्रतिलिपि** :– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान आप्त सचिव को तीन जिलों के कार्य–योजना एवं कैम्प तथा सर्वे कार्यालय के कार्यों के जाँच संबंधी चेकलिस्ट एवं प्रपत्रों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय

**ज्ञापांक** :–17–विशेष सर्वेक्षण बैठक (विविध)– 268/2019...1999... **पटना, दिनांक:**–25-11-2019

**प्रतिलिपि** :– उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय